an>

Title: Need to establish a Sports Authority in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह (सतना) : सतना जिले में लगातार सभी खेलों के खिलाड़ियों को अवसर दिलाने हेतु लगातार खेलों का आयोजन विभिन्न संस्थाओं तथा मेरे द्वारा सांसद ट्राफी का आयोजन निरन्तर किया जाता है लेकिन सतना जिले में खिलाड़ियों के लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जिला केन्द्र में एक सुसज्जित स्टेडियम का नितान्त अभाव होने के कारण यहाँ खेल प्रतिभाओं को समुचित व्यवस्था नहीं मिल पाती है। ग्रामीण क्षेत्र में खेल के लिए बुनियादी ढाँचा नहीं होने के कारण युवाओं को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। आज ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी स्तर पर मूलभूत खेल अवसंरचना की आवश्यकता है। युवाओं के अंदर खेल के प्रति रूचि पैदा करने के लिए आवश्यक है कि युवाओं में बचपन से ही खेल कार्यकलापों को बढ़ावा दिया जाए ताकि खेलों में उत्तरोत्तर उत्कृष्टता प्राप्त की जा सके।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि ग्रामीण क्षेत्र में आठों विकास खण्डों तथा पंचायत स्तर पर एक-एक स्टेडियम का निर्माण किया जाना चाहिए। जिला केन्द्र पर अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण किया जाए तथा इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर की सभी सुविधा उपलब्ध करायी जाए जिससे हम अंतर्राष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का पूल तैयार कर सकेंगे। साथ ही मेरे संसदीय क्षेत्र में खेल के विकास हेतु खेल प्राधिकरण की स्थापना की जाए।